प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. सोलहवीं जनगणना के लिये सरकार ने जारी की अधिसूचना : पहली अक्टूबर 2026 से शुरू होकर दो चरणों में सम्पन्न होगी प्रक्रिया।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अम्बेडकर नगर में 194 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जारी की 561 करोड़ से अधिक की धनराशि।
3. प्रदेश में आकाशीय बिजली की चपेट में आने और भारी बारिश के कारण हुई दुर्घटनाओं से बीते 48 घंटा में 25 लोगों की मौत : मुख्यमंत्री ने राहत कार्य तेज करने के दिये निर्देश।

और

4. अमरोहा में लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से चार महिलाओं की मौत : 9 लोग गंभीर रूप से घायल।

—————————

सरकार ने आज जनगणना कराये जाने की अधिसूचना जारी कर दी। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना पहली अक्टूबर 2026 से कराई जाएगी। एक रिपोर्ट....

*जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। वहीं दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्रकी जाएगी। इसके अलावा इस बार जनगणना में जाति जनगणना भी की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए लगभग 34 लाख प्रगणक और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख तीस हजार जनगणना पदाधिकारी तैनात किए जाएंगे। ये जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों कोस्व–गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रहण, प्रेषण और भंडारण के समय डेटासुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। यह जनगणना प्रक्रिया शुरू होने के बाद से 16वीं जनगणना है और स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना है।अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

केंद्र की ओर से जनगणना की अधिसूचना जारी होने का प्रदेश के मंत्री अनिल राजभर ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना कराने का केंद्र सरकार का फैसला ऐतिहासिक है और इससे सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलेगा। बाइट....

*अनिल राजभर– ऐतिहासिक फैसला माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार का है जो सामाजिक न्याय के रास्ते को प्रशस्त करेगा। सामाजिक न्याय की परिकल्पना देश के अंदर चरितार्थ होगी। प्रतिपक्ष बहुत अच्छी तरीके से जानता है और जनता भी जानती है। ये मोदी जी की सरकार का संकल्प सबका साथ सबका विकास का जो है। हम समझते हैं कि उसी क्रम में लिया गया यह सबसे बड़ा फैसला है।*

————————

गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों क राहत आयुक्तों से कहा है कि अगले 90 दिन के भीतर प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करें। आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए जरूरी है कि जिलास्तर पर आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाए। गृहमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढते वैश्विक तापमान ने दुनिया को आपदाओं के बारे में चिंतित कर दिया है। बाइट.....

*पर्यावरण के संरक्षण के बगैर शत–प्रतिशत आपदा से बचना असंभव है। अगर हम पर्यावरण की चिंता नहीं करेंगे तो आपदाओं को रोक नहीं पाएंगे। हम आपदा से बचाव की योजना बना रहे हैं साथ में आपदा ही ना आए ऐसी योजना भी बनाने के लिए आगे बढ़ना पडेगा और मैं मानता हूं कि हर राज्य के राहत कमिश्नर ने इसके लिए भी अपने राज्य का एक कार्यक्रम कम से कम तैयार करवाना चाहिए जिससे आपदा आए ही नहीं।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अम्बेडकरनगर में 1 हज़ार 184 करोड़ की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 11 हज़ार 690 आश्रित परिवारों के लिए 561 करोड़ 86 लाख रुपये जारी किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस वर्ष में अब तक आपदा के शिकार हुए किसानों के प्रति संवेदना

व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार किसानों के हितों के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयार है। बाइट....

*मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत केवल किसान आता था, बंटाईदार नहीं आता था। किसान के परिवार के सदस्य नहीं आते थे, लेकिन हमारी सरकार ने कहा नहीं हम किसान को भी देंगे, बंटाईदार को भी देंगे, कृषि श्रमिक को भी देंगे और अन्नदाता किसान का परिवार का कोई व्यक्ति किसी अग्निकांड का किसी आंधी तूफान का या किसी भी आपदा का शिकार हो जाता है तो सरकार 5 लाख रुपये के मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा में उसे उस परिवार को आच्छादित करेगा।*

इसी क्रम में सिद्धार्थनगर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के 142 लाभार्थियों को धनराशि वितरित की। श्री पाल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसानों के प्रति अति संवेदनशील है।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर आज शाम वाराणसी पहुंचे। श्री योगी काशी प्रवास के दौरान कानून व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। साथ ही श्रीकाशी विश्वनाथ और बाबा कालभैरव के दर्शन भी करेंगे।

---

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश में आकाशीय बिजली की चपेट में आने और भारी बारिश के कारण हुई दुर्घटनाओं में बीते 48 घंटा में 25 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आकाशीय बिजली, आंधी–तूफान, बारिश आदि से जनहानि और पशुहानि होने पर तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करने औऱ घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए।

वहीं अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, बस्ती, बलरामपुर और आसपास के ज़िलों में आज भी रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे में राज्य के पश्चिमी हिस्सों में कही–कहीं भारी बारिश का यलो और पूर्वी इलाकों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

————————

मानसून को देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व को आज से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि इस पर्यटन सत्र में छप्पन हजार से अधिक सैलानियों ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी की। उन्होंने बताया कि आगामी पर्यटन सत्र में अब पन्द्रह नवंबर से सैलानी यहां सैर कर सकेंगे।

———————

प्रदेश सरकार विपणन वर्ष 2024—25 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पहली बार मक्का की खरीद कर रहो है। यह खरीद बदायूं, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, कासगंज समेत 22 जनपदों में की जा रही है। सरकारी क्रय केंद्रों पर 15 जून से शुरू हुई खरीद 31 जुलाई तक चलेगी। किसानों से मक्का की खरीद 2 हजार 225 रुपये प्रति कुंतल पर सुबह 9 से शाम छह बजे तक की जाएगी। मक्का की बिक्री के लिए किसानों को fcs.up.gov.in या मोबाइल ऐप UP KISAN MITRA पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

———————

11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे योग सप्ताह के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज पीलीभोत में प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने योग सप्ताह का शुभारंभ

किया। इस अवसर पर उन्होंने योगाभ्यास करके सभी लोगों को योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

———————

अमरोहा के गांव अतरासी में एक लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से 4 महिलाओं की मौत हो गई जबकि 8 महिलाओ समेत 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। धमाका इतना तेज था कि फैक्ट्री की इमारत और छत पूरी तरह से मलबे में तब्दील हो गई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रशासनिक जांच में सामने आया है कि यह पटाखा फैक्ट्री वैध लाइसेंस से चलाई जा रही थी। अधिकारियों ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और फैक्टरी संचालक की तलाश की जा रही है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि विस्फोट के कारणों की जांच के लिए समिति के गठन का आदेश दे दिया गया है। बाइट....

*इस पूरे प्रकरण की जाँच के लिए एक समिति का गठन किया गया है। ईएमआर की अध्यक्षता में जिसमें एडिशनल एसपी विद्युत सुरक्षा और अग्निशमन के अधिकारी रहेंगे और इन कारणों का विश्लेषण करेंगे की एक लाइसेंस लपी के एरिया में ये किस प्रकार विस्फोट हो।*

———————

महोबा में आज एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब ननौरा गांव जा रही एक कार

श्रीनगर–बेलाताल मार्ग पर सामने से आ रही एक बाइक से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक और कार सड़क से नीचे गड्ढे में गिर गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है और घायलो के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है।

(समाप्त)